

# शैक्षणिक सत्र 2020–21 में महाविद्यालय में प्रवेश के लिए दिशा–निर्देश

1. शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र को भरने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dbrau.org.in पर Admission 2020-21 के लिंक पर क्लिक करें।
2. प्रत्येक महाविद्यालय को अपने महाविद्यालय की वैवसाइट तैयार करना अनिवार्य होगा जिस पर इच्छुक अभ्यर्थियों को विवरण पुस्तिका उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। विवरण पुस्तिका में विश्वविद्यालय की वेवसाइट तथा महाविद्यालय की वेवसाइट का उल्लेख करना आवश्यक होगा। प्रवेश प्रक्रिया हेतु प्रत्येक महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि वह एक कम्पयूटर आपरेटर को इस कार्य के लिए अधिकृत करें तथा उसका नाम एवं मोबाइल नम्बर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों में इण्टरनेट एवं कम्प्यूटर की व्यवस्था आवश्यक है।
3. महाविद्यालय अपने पुराने पोर्टल के यूजर आईडी, पासवर्ड की सहायता से लॉग इन कर सकता है **जिसका** लिंक **नीचे स्कीन में दिया गया है:**







4. लॉग इन करने के पश्चात्, महाविद्यालय यूज़र को, दर्शाई गई स्क्रीन दिखाई देगी, लॉग इन करने के पश्चात् कॉलेज यूजर को तीन तरह के लिंक दिए गए हैं।
   (i) Reporting
   (ii) Send alert to applicant for document verification
   (iii) Document verification and Admission



5. अभ्यर्थी जब महाविद्यालय में रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ प्रवेश के लिए आएगा तब महाविद्यालय द्वारा लॉग इन करने के पश्चात् अभ्यर्थी का WRN (वेब रजिस्ट्रेशन नंबर) डाला जायेगा।


Enter the Web Registration Number

WRN123456789





6. WRN टाइप करने के पश्चात् उस अभ्यर्थी की पूरी जानकारी आ जाएगी और महाविद्यालय उसके बाद नीचे दिए गए रिपोर्ट बटन पर क्लिक करेगा। क्लिक करते ही, प्रवेश फॉर्म जमा होने की सूचना, अभ्यर्थी को SMS द्वारा प्राप्त हो जायेगी।

7. उसके पश्चात् महाविद्यालय द्वारा Student Information Option with date पर क्लिक करने के बाद अभ्यर्थी के पास सूचना जाएगी कि उसे एक निश्चित दिनॉक को महाविद्यालय में अपने समस्त डॉक्यूमेंट लेकर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए आना होगा।



8. फिजिकल डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के पश्चात् महाविद्यालय को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन ऑप्शन पर जाकर क्लिक करना पडेगा। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के पश्चात् महाविद्यालय के सामने 3 नए ऑप्शन आ जायेंगे

 a. एडमिट (Admit)
 b. नॉन एडमिट (Non-Admit)
 c. वेटिंग लिस्ट (Waiting List)




9. महाविद्यालय के द्वारा एडमिट बटन पर क्लिक किया जायेगा इसका मतलब है अभ्यर्थी का प्रवेश इस महाविद्यालय में लिया जा रहा है। एडमिशन कन्फर्म होते ही छात्र का नाम उस महाविद्यालय में कन्फर्म हो जायेगा और अन्य महाविद्यालयों से हट जायेगा।
10. स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के पास एक OTP आयेगा। उक्त OTP को अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय को बताया जायेगा। महाविद्यालय द्वारा उस OTP का उपयोग करने के बाद ही उस अभ्यर्थी का प्रवेश सुनिश्चित होगा।
11. OTP की व्यवस्था केवल स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के लिए है। आवासीय परिसर (विश्वविद्यालय कैम्पस)/अनुदानित महाविद्यालय/राजकीय महाविद्यालय में सभी नियमित पाठ्यक्रमों में बिना OTP के प्रवेश लिया जायेगा।
12. OTP की अवधि पॉच दिनों तक रहेगी जिसके उपरान्त OTP स्वतः कालातीत माना जायेगा और उस अभ्यर्थी का नाम स्वतः उस महाविद्यालय से हट जायेगा। परन्तु अन्य महाविद्यालयों में यथावत् रहेगा।

13. जब महाविद्यालय के द्वारा नॉन एडमिट बटन पर क्लिक किया जायेगा इसका मतलब है कि अभ्यर्थी का प्रवेश इस महाविद्यालय में नहीं हो पाया हैं जिसकी सूचना अभ्यर्थी को मैसेज के द्वारा दी जाएगी और उस अभ्यर्थी का नाम वर्तमान महाविद्यालय की लिस्ट से हट जायेगा परन्तु शेष महाविद्यालयों में यथावत रहेगा।

14. वेटिंग लिस्ट का मतलब है की अभ्यर्थी का प्रवेश अभी वर्तमान महाविद्यालय में कन्फर्म नहीं हुआ है परन्तु हो सकता हैं, अगर अभ्यर्थी का प्रवेश किसी अन्य महाविद्यालय मे हो जाता है तो उस अभ्यर्थी का नाम वर्तमान लिस्ट से हट जायेगा।

15. प्रवेश से सम्बन्धित ऑनलाइन प्रक्रिया की समस्याओं के निवारण के लिए Toll Free Number's विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लगातार प्रदर्शित किये जायेंगे और अभ्यर्थी के प्रवेश फॉर्म पर भी अंकित किये जायेंगे।

..............................................................................................................................................